**19/03**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय कैबिनेट ने कल दो हजार छब्बीस सत्ताइस से दो हजार तीस - इकतीस की अवधि के लिए 'लघु जल विद्युत विकास योजना' को मंज़ूरी दे दी। इस योजना के तहत लगभग 1500 MW क्षमता वाले लघु जल विद्युत प्रोजेक्ट लगाने के लिए दो हजार पांच सौ चौरासी करोड़ रुपये से ज़्यादा का बजट रखा गया है। इससे लघु जल विद्युत क्षेत्र में पंद्रह हजार करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है, जिससे स्वच्छ ऊर्जा की पहल को बढ़ावा मिलेगा, दूरदराज और ग्रामीण इलाकों में निवेश बढ़ेगा और रोज़गार के बड़े अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस कदम की तारीफ़ करते हुए कहा कि यह पूर्वोत्तर, खासकर अरुणाचल प्रदेश के लिए एक बड़ी बात है, जहाँ नदियों में अपार क्ष्मता मौजूद है, जिसका इस्तेमाल अभी तक पूरी तरीके से नहीं की गईहै। उन्होंने कहा कि पहाड़ी और सीमावर्ती इलाकों के लिए बढ़ाई गई वित्तीय मदद से दूरदराज के क्षेत्रों में स्वच्छ और विकेंद्रीकृत ऊर्जा की क्षमता को पूरी तरह से इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी।

0000000000000000000000

राज्य के राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक और मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने लिरोमोबा-रुमगोंग के पूर्व विधायक तालोंग ताग्गू के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि श्री ताग्गू के निधन से राज्य ने अपने पहली पीढ़ी के राजनीतिक नेताओं में से एक को खो दिया है, जिन्होंने अरुणाचल प्रदेश की शुरुआती लोकतांत्रिक नींव को आकार देने में योगदान दिया था।

0000000000000000000000000

लोंगडिंग ज़िले के तिंगोंग वांगपन ने भुवनेश्वर, ओडिशा में चल रही चौबीसवीं सीनियर नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप दो हजार छब्बीस में अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरुषों की 100 मीटर T35 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। अरुणाचल प्रदेश पैरा एथलेटिक्स टीम सत्रह मार्च को बाईस सदस्यों के साथ चैंपियनशिप के लिए रवाना हुई थी। यह प्रतियोगिता इक्कीस मार्च तक चलेगी।

0000000000000000000000

आज तोदाक बासार ज़िला अस्पताल, लेपारादा ज़िले में एक विशेष चिकित्सा और सर्जिकल आउटरीच कार्यक्रम शुरू हुआ, जो इक्कीस मार्च तक चलेगा। तेज़ू के विधायक और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री के सलाहकार डॉ. महेश चाई ने इस मेगा सर्जिकल कैंप का उद्घाटन किया। यह उनतीसवें बासार ST विधानसभा क्षेत्र की विधायक न्याबी जिनी दिर्ची द्वारा उठाई गई एक पहल है। इससे पहले उन्होंने इस क्षेत्र के लोगों से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया था।

यह आउटरीच कार्यक्रम ज़िला स्वास्थ्य समिति, लेपारादा; राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम, नाहरलागुन; और सियांग स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसे अगस्त महिला क्लिनिक और IVF सेंटर, नाहरलागुन, तथा एस्कुलैप-आइंस्टीन विज़न का समर्थन प्राप्त है। इसमें स्त्री रोग और नेत्र रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे।

0000000000000000000000

भारतीय फ़ुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री पच्चीस मार्च को यूपिया के गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम में होने वाले अंडर-23 ट्राई-नेशन चैंपियनशिप दो हजार छब्बीस के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। श्री छेत्री पहली बार अरुणाचल प्रदेश का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक बहुत ही खास मौका है और वह अरुणाचल के लोगों के प्यार, संस्कृति और फ़ुटबॉल के प्रति उनके ज़बरदस्त जुनून को अनुभव करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। इस चैंपियनशिप में तीन टीमें हिस्सा लेंगी - भारत, भूटान और ताजिकिस्तान। मैच पच्चीस, अट्ठाईस और इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस को खेले जाने हैं।

0000000000000000000000

जे एन वी तवांग के विनीत लोंगलिजू 'नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन बायोलॉजी 2025' में राज्य टॉपर बनकर उभरे हैं, और उन्होंने पूरे देश में शीर्ष 1 प्रतिशत में अपना स्थान बनाया है।

0000000000000000

ज़िला श्रम और रोज़गार विभाग ने कल एतालिन, दिबांग वैली ज़िले में बाल श्रम अधिनियम और बंधुआ श्रम प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम पर एक जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। इसका उद्देश्य कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना और समाज के कमज़ोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना था। प्रतिभागियों को सतर्क रहने और किसी भी उल्लंघन की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में एक इंटरैक्टिव प्रश्न-उत्तर सत्र भी शामिल था, जिसने प्रतिभागियों को स्पष्टीकरण मांगने और सार्थक बातचीत में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान किया।

0000000000000000000000

आज तवांग के गवर्नमेंट टाउन सेकेंडरी स्कूल में आयोजित एक समारोह में, तवांग की जिला उपायुक्त नामग्याल आंगमो ने जिले के टॉपर्स को 'गोल्डन जुबली मेधावी छात्र पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन तवांग के शिक्षा विभाग द्वारा किया गया था। 'गोल्डन जुबली मेधावी छात्र पुरस्कार' पहल की शुरुआत अरुणाचल प्रदेश सरकार ने वर्ष दो हजार तेईस में, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने और शैक्षणिक उत्कृष्टता को मान्यता देने के उद्देश्य से की थी।

00000000000000000000

आज जवाहरलाल नेहरू कॉलेज, पासीघाट के हिंदी विभाग ने कॉलेज परिसर में 'आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ' (Internal Quality Assessment Cell) के सहयोग से "अरुणाचली लोक साहित्य" विषय पर एक दिवसीय विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, जवाहरलाल नेहरू कॉलेज, पासीघाट के प्राचार्य डॉ. गिंदू बोरांग ने लोक संस्कृति के संरक्षण के महत्व पर ज़ोर दिया, जो आधुनिक शिक्षा प्रणाली को आकार देने में योगदान दे सकती है। संसाधन व्यक्ति (Resource Person) और राजीव गांधी विश्वविद्यालय में भाषाओं के डीन, प्रोफेसर ओकेन लेगो ने अपने संबोधन में अरुणाचल प्रदेश के लोक साहित्य पर विस्तार से चर्चा की और इसके ऐतिहासिक महत्व को समझाया; उन्होंने कहा कि लोक साहित्य ही सामाजिक संरचना का मूल आधार होता है।

000000000000000000000

आज कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें बढ़ गईं, क्योंकि ईरान ने अपने 'साउथ पार्स' गैस क्षेत्र पर इज़राइल के हमले के जवाब में पूरे पश्चिम एशिया में ऊर्जा सुविधाओं पर हमला किया। जब आखिरी रिपोर्टें आईं, तब ब्रेंट क्रूड 5.2 प्रतिशत से ज़्यादा की बढ़त के साथ एक सौ तेरह अमेरिकी डॉलर और सोलह सेंट प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा था, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 0.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ सत्तानवें अमेरिकी डॉलर और बारह सेंट प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा था।

00000000000000000000